Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-05-2006

Participants : Jai Parkash Shri

>

Title : Need to take steps to clear the pending draw of lots in Cooperative Housing Societies in Delhi.

श्री जय प्रकाश (हिसार) : महोदय, दिल्ली में लगभग 80 सहकारी आवास समितियों का भविय रजिस्ट्रार की निक्रियता के कारण अधर में लटका पडा है। पिछले 2 साल से अधिक समय से एक भी सोसायटी ड्रा ऑफ लॉटस के लिए क्लीयर नहीं की गयी है। इस कारण से लगभग 16000 परिवार जिसमें अधिकतर सरकारी कर्मचारी हैं अपने जीवन की कमाई से लाखों रूपये खर्च करके भी किराये के मकानों में रहने के लिए मजबूर हैं। इन लोगों ने बैंकों व अन्य संस्थाओं से लोन उठाया हुआ है जिसकी किस्त देते देते इनकी कमर टूट गयी है। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच करायें तथा समितियों को जल्द से जल्द ड्रा के लिए क्लीयर करें जिससे गरीब लोगों को राहत मिल सके।